Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.I.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटपफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-२६ अंक-१३ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ जुलाई २०१६ पृष्ठ ०८ मूल्यः१० रु.मात्र

## आम आदमी की समस्याओं का समाधान लीक से हटकर तलाशें- उपराष्ट्रपति




प.सू.का/नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने कहा है कि भारतीय समुदाय एक ऐसी सभ्यता की नींव पर बना है जो मूल रूप से सहिष्णु रही है और जिसमें सबकी धार्मिक स्ववतंत्रता बनाए रखते हुए विविधतापूर्ण संस्कृति का आनंद लिया जाता है। हैदराबाद में दिनांक २६.०६.२०१६ को मुफ्फखम जाह कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत समावेशिता में विश्वास करता है, जिसमें प्रत्येक नागरिक को चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो समान अधिकार प्राप्ती हैं। नायडू ने छात्रों से कहा कि वे नई क्षेत्रों में निडरता से कदम रखें और टीम वर्क को अपनी सफलता का मंत्र बनाएं। उन्हों ने कहा कि वह चाहते हैं कि छात्र बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करें।

## प्रधानमंत्री ने कि "आर्थिक नीति भविष्य की योजना" पर अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक



प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "आर्थिक नीति-भविष्य की योजना" विषय पर नीति आयोग द्वारा आयोजित ४० से अधिक अर्थशास्त्रियों और अन्य विशेषज्ञों के साथ एक संवादमूलक सत्र में भाग लिया। सत्र के दौरान, प्रतिभागियों ने पांच विशिष्ट समूहों में वृहद अर्थव्यवस्था और रोजगार, जल संसाधन, निर्यात, शिक्षा और स्वास्थ्य के विषयों पर अपने विचार साझा किए। दिनांक २२.०६.२०१६ को प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में, विभिन्न प्रतिभागियों को अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर उनके सुझावों और टिप्पणियों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और राव इंद्रजीत सिंह ने भी भाग लिया। बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार और केंद्र सरकार तथा नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।




## पूर्व मध्य रेल मे अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में महाप्रबंधक ललित चन्द्र त्रिवेदी की अध्यक्षता में अग्नि सुरक्षा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। दिनांक २८.०६.२०१६ को इस सेमिनार में आग लगने के कारण और उससे बचाव विषय पर चर्चा की गयी। सेमिनार में मुख्यालय सहित पांचों मंडलों, कारखानों एवं यूनिटों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। सेमिनार के उपरांत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थित में मॉक ड्रील के माध्यम से आग से बचाव का प्रदर्शन भी किया गया। सेमिनार में नेशनल सेफ्टी कांउसिल एवं इंस्टीच्यूट ऑफ फायर इंजीनियर्स से संबद्ध अग्नि सुरक्षा सलाहकार टी.एन.प्रताप उपस्थित थे।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में २.२०४ मेगावाट क्षमता की सोलर प्लांट की स्थापना

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। भारतीय रेलवे द्वारा पर्यावरण के संरक्षण के लिए एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए गैर-परंपरागत श्रोतों से ऊर्जा उपलब्ध कराने एवं ऊर्जा संरक्षण की दिशा में बेहतर योगदान के तहत सौर उर्जा को महत्व दिया जा रहा है। इसके लिए मंत्रालय द्वारा सभी जोनल एवं मंडल के प्रशासनिक कार्यालयों में सोलर पैनल स्थापित कर सौर उर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अपनी ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से अबतक २.२०४ मेगावाट की क्षमता वाले पैनल्स की स्थापना की जा चुकी है, जिससे करोड़ों रूपये के राजस्व की बचत हो रही है।

अगला अंक रेल बजट विशेषांक

# रेलवे बोर्ड की जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



प.सू.का/नई दिल्ली। रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगादी और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव तथा रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने रेल भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जोनल रेलवे/उत्पादन यूनिटों के सभी महाप्रबंधकों और प्रभागीय रेल प्रबंधकों (डीआरएम) के साथ दिनांक १८.०६.२०१६ को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने समीक्षा बैठक के आरंभिक सत्र को संबोधित करते हुए जोनल रेलवे के अधिकारियों से एक टीम के रूप में काम करने को कहा, ताकि रेलवे बोर्ड द्वारा तय किये गये महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने यह संकेत दिया कि अभी बहुत कुछ हासिल करने की आवश्यकता है, जिसके लिए सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने सभी अधिकारियों से पूरे जज्बे के साथ काम करने को कहा, ताकि भारतीय रेलवे को दुनिया के सर्वोत्तनम रेलवे में शुमार किया जा सके। रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगादी ने रेल अधिकारियों से भारतीय रेलवे को विश्वस्तरीय ट्रांसपोर्टर के रूप में तब्दील करने की दिशा में काम करने का अनुरोध किया, इस बात पर विशेष जोर दिया कि रेलवे में सुरक्षा, स्वच्छता और सफाई पर फोकस करना आगे भी जारी रहना चाहिए। बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने सभी अधिकारियों को ट्रेनों में यात्रा करने और यात्रियों के साथ बातचीत करने का निर्देश दिया, जिससे कि फीडबैक वास्तिविक समय पर ही प्राप्त हो सके।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र

२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र

३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र

४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक

रेल समाचार ब्यूरो

# Northern Railway And National Health Agency Jointly Organize Awareness Drive



**RSB/New Delhi: As a step forward to identify beneficiaries and their families especially from the contractual population working with the Railways and raise awareness about Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojna(PMJAY) a " Beneficiary identification & awareness drive " was organised at New Delhi Railway Station , Old Delhi Railway station , Anand Vihar Railway Station and Hazrat Nizamuddin Railway Station on 25TH June 2019 by National Health Agency in Collaboration with Northern Railway. One Day drive was launched in the presence of Member staff, Railway Board S.N Agrawal , DG(RHS) Dr Pradeep Kumar, AGM/Northern railway Mrs. Archana Joshi , Pr. Chief Medical Director Dr Vinay Kumar, DRM Delhi SC Jain and other officials from Northern railway along with Dr Indu bhushan ,CEO National Health Agency which was attended by more than 1100 contractual staff. 7 Railway Hospitals in Northern railway have been empanelled for implementation of Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojna Programme. The Union Government have launched PM-JAY to provide a cover of Rs 5 lakh per family per year for secondary and tertiary care hospitalization and cashless access to healthcare services at the point of service to eligible individuals.**

# MEDICAL DEPARTMENT OF SOUTHERN RAILWAY CONDUCTS BENEFICIARY IDENTIFICATION CAMP FOR AYUSHMAN BHARAT PM-JAY AT CHENNAI



**RSB/Chennai: The Medical Department of Southern Railway conducted a Beneficiary Identification and Awareness drive at Dr MGR Central Railway Station on 18th of June, 2019 in connection with Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (PMJAY) programme. The one day camp was launched in the presence of Southern Railway Officials Dr B.P. Nanda, Principal Chief Medical Director, Dr Nirmala Devi, Medical Director, Dr CVN Murthy, Chief Health Director, Dr Mrs. M.Nanda, Chief Medical Superintendent, Dr Anandan, Additional Chief Medical Director, Shri Guganesan, Station Director. Dr Manivannan from the State Health Authority and Ms Apurva Mahajan representative of the National Health Authority along with Shri Sai Nath, GM of MD INDIA Health (Pvt) Insurance Co Ltd, were also present during the Identification and Awareness Camp. A number of Contractual staff from various Railway departments including Coolie porters (Sahayaks) and Safai Karmacharis attended the camp and were identified as beneficiaries under PMJAY programme. National Health Agency has identified 91 Railway Hospitals and Health Units spread across 16 zones of Indian Railway for rendering Universal healthcare to about 10.74 crore poor, deprived rural families and identified occupational categories of urban workers' families. These hospitals will implement the PMJAY scheme providing a cover upto Rs.5 lakhs per family per year, for secondary and tertiary hospitalisation and cashless access to healthcare services at the point of service to eligible individuals. 7 Railway Hospitals from Southern Railway have been empanelled for implementation of Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana programme. The Union Government launched in September 2018 the Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (PMJAY) to provide a cover of Rs 5 lakh per family per year for secondary and tertiary care hospitalisation. So far, over 3.72 crore beneficiary e-cards have been generated under the scheme. Till date, over 28.91 hospital admissions were made under the scheme ensuring quality access to healthcare for the poor.**

# सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल १२ कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा रक्तदान किया गया। पटना मेडीकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के ब्लड बैंक की टीम द्वारा किए गए रक्तदान का संग्रह किया गया। इस अवसर पर डा. श्यामल दास, चिकित्सा निदेशक, सी.एस.एस. एच/पटना के अलावा अन्य चिकित्सकगण भी उपस्थित थे। रक्तदान से किसी प्रकार की शारीरिक कमजोरी नहीं होती है इसलिए निःसंकोच इस 'महादान' में अपना योगदान दिया जा सकता है। रक्तदान सिर्फ रक्तदान ही नहीं बल्कि मानवजीवन के लिए यह जीवनदायनी है।

# यूपी बार कौंसिल के अध्यक्ष बने हरिशंकर सिंह

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। हरिशंकर सिंह को यूपी बार कौंसिल का अध्यक्ष मान लिया गया है। बतादें कि १२ जून को दरवेश सिंह की आगरा कचहरी में हत्या के बाद अध्यक्ष पद को लेकर विवाद था। इस आशय का निर्णय दिनांक ३०.०६.२०१६ रविवार को कौंसिल भवन में हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। कौंसिल के सचिव रामचंद्र मिश्र के अनुसार हरिशंकर सिंह का कार्यकाल १३ जून से प्रभावी माना जाएगा। बैठक में मधुसूदन त्रिपाठी, राकेश पाठक आदि मौजूद रहे ।

सम्पादकीय

# कहर चमकी बुखार का

बिहार के मुजफ्फरपुर में चमकी बुखार का प्रकोप बड़ी चिंता का विषय है इस बुखार ने पंद्रह दिनों में सौ से ज्यादा मासूम बच्चों कि मौत हो गई। अस्पतालों में दवाओं, बिस्तरों और डॉक्टरों की कमी तो पूरी हो जाएगी, लेकिन जो बच्चे इस दुनिया से चले गए, उनकी भरपाई कैसे होगी आज मुजफ्फरपुर के दर्द को तभी समझा जा सकता है, जब सौ से ज्यादा माताओं के सूनी गोद को महसूस किया जा सके।

आज ममता के रुदन में मनुष्यता की कराह भी समाहित है। ये अभाव और दुख के ऐसे अमिट दाग हैं, जो विकसित हो रहे और चांद पर जाने को लालायित देश के दामन पर हमेशा के लिए छूट जा रहे हैं। यह चमकी बुखार कहर बरपा रहा है और मुजफ्फरपुर के मात्र दो अस्तपालों में तीन सौ से ज्यादा बच्चे इलाज करा रहे हैं।

धन्य हैं वे डॉक्टर, जो इलाज और उनके हजार से ज्यादा तीमारदार परिजनों के प्रश्नों को सांत्वना देने में जुटे हैं। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि चमकी बुखार जल्दी ही नियंत्रण में आएगा।

तात्कालिक लाभ सुनिश्चित करने के साथ ही दूरगामी रूप से भी चमकी बुखार के अंत के पुख्ता उपाय करने होंगे। बिहार और भारत सरकार के डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को युद्ध स्तर पर जुटकर चमकी के मूलभूत कारणों की पड़ताल करनी चाहिए।

और जल्द से जल्द पड़ताल मुकाम तक पहुंचनी चाहिए।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

# इलाहाबाद से गुलाबी नगरी को जोड़ती जयपुर एक्सप्रेस के गौरवशाली १२ वर्ष

रे.स.ब्यू./संवा। विश्व प्रसिद्ध कुम्भ नगरी प्रयागराज एवं भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा को जोड़ने हेतु इलाहाबाद मथुरा के बीच ०१ जुलाई २००७ को इलाहाबाद-मथुरा एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंम्भ किया गया। इस गाड़ी की लोकप्रियता एवं यात्रियों की मांग पर दिनांक ०१ अक्टूबर २०१३ से इस गाड़ी का परिचालन इलाहाबाद से जयपुर के बीच प्रारंम्भ किया गया।



०१ जुलाई २०१६ को यह गाड़ी अपने गौरवशाली १२ वर्ष पूर्ण कर रही है। यह गाड़ी इलाहाबाद से जयपुर के बीच १३ घंटे २० मिनट में ७८२ किलोमीटर का सफ़र तय करती है। प्रारम्भ होने के बाद से लगातार इस गाड़ी को यात्रियों के लिए अधिक से अधिक सुविधाजनक तथा तकनीकी रुप से अपग्रेड किया जा रहा है। इलाहाबाद मंडल में 'प्रोजेक्ट उत्कृष्ट' योजना के तहत इसके रेक को अपग्रेड कर सुंदर व आकर्षक बनाया गया है इसके कोचों को विनायल रैपिंग के माध्यम से अति सुंदर व् आकर्षक बनाया गया है तथा कोचों के प्रवेश द्वार क्षेत्र (गैंगवे) एवं टॉयलेट में आकर्षक विनायल चित्रकारी की गई है।

कोचों के टॉयलेट को एपोक्सी फ्लोरिंग से सुसज्जित किया गया है। यात्रियों को जानकारी प्रदान करने हेतु प्रत्येक कोच के अंदर प्रवेश द्वार के पास गाड़ी का विनायल आधारित प्रिंटेड टाइम टेबल लगाया गया है तथा एकीकृत सूचना बोर्ड लगाया गया है। यात्रियों के बेहतर अनुभूति के लिए फ्रेम किये गए प्राकतिक दृश्य दर्शाए गए है।

कोचों एवं टॉयलेट में दुर्गन्ध को नियंत्रित करने हेतु ऑटोमैटिक हॉईजीन और दुर्गन्ध नियंत्रण प्रणाली को लगाया गया है। टॉयलेट में स्क्रेपर मैटिंग तथा टॉयलेट के बीच ग्रास मैटिंग की गई है तथा कोच के गलियारे में हॉलो मैट बिछाई गयी है। टॉयलेट फिटिंग को अपग्रेड किया गया है तथा अन्य बहुत से सुधार किये गए हैं।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

हमारा लक्ष्य संरक्षा
सुरक्षा एवं समय पालन

# उत्तर प्रदेश में अपराधी घूम रहें खुलेआम- प्रियंका गांधी

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका वाड्रा गांधी ने उत्तर प्रदेश सरकार पर एक बार फिर निशाना साधा है। उन्होंने प्रदेश में हो रहे अपराधों की एक लिस्ट बनाकर योगी सरकार को आड़े हाथ लिया। बता दें कि यह ऐसा पहला मौका नहीं है जब प्रियंका ने यूपी के अपराधों के बारे में योगी सरकार पर हमला किया है। इससे पहले भी उन्होंने अपराधों की लिस्ट बनाकर यूपी सरकार से सवाल किया था। उन्होंने



अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा कि पूरे उत्तर प्रदेश में अपराधी खुलेआम मनमानी करते घूम रहे हैं। एक के बाद एक अपराधिक घटनाएं हो रही हैं। मगर उ.प्र. भाजपा सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने अपराधियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

# GM/ICF Inaugurates e-Office by RailTel at ICF, Chennai

**RSB/Delhi: Rahul Jain, General Manager/ICF, inaugurated the e-Office system at Integral Coach Factory (ICF), Chennai, executed by RailTel, in presence of senior officials of ICF and RailTel.**



This is a giant leap towards paperless working for day to day activities to bring transparency and efficiency in functioning. This will also promote green way of working atICF.Currently 744 users of ICF have been registered in e-office. RailTel, a Miniratna PSU under Ministry of Railways, has taken up the work of implementing e-Office system for Indian Railways. e-Office project is a Mission Mode Project (MMP) under the National e-Governance Programme of the Government of India. The project aims to usher in more efficient, effective and transparent inter-government and intra-government transactions and processes. Talking about the about the project, Puneet Chawla, CMD/RailTel, said – 'We signed a MoU with Indian Railways for Implementation of e-Office over Indian Railways under Phase-I project for 50,000 Users. We have already implemented e-Office system in South Central Railway ,Trichy Division of Southern Railways apart from the 7 CTIs and 2 PUs within span of mere 3.5 months.

Presently, 7692 Users under Phase-I Project have been registered in eOffice Platform. Implementation work is on fast track over other Zonal headquarters and one division in each zone which will be completed by Sep-19.' e-Office is a cloud enabled software that is deployed/hosted from RailTel Tier III certified data centres at Secundrabad and Gurgaon.It is based on Central Secretariat Manual of e-Office Procedure (CSMeOP).

# चलते-चलते अलग हो गया चंबल एक्सप्रेस का इंजन

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। इलाहाबाद छिवकी आ रही चंबल एक्सप्रेस बड़े हादसे से बच गई। मानिकपुर से चलने के बाद ट्रेन का इंजन अचानक उससे अलग हो गया। इस वजह से ट्रेन के सभी कोच पीछे रह गए, जबकि इंजन काफी दूर तक चला गया। गनीमत रही कि ट्रेन चालक को इसकी जानकारी हो गई, और इंजन को वापस पीछे ले गया। घटना से इलाहाबाद स्थित कंट्रोल रूम में हड़कंप मच गया। १२१७६ ग्वालियर-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस ब हस्पतिवार दिनांक २७.०६.२०१६ की शाम ४.२० बजे मानिकपुर पहुंची। यहां ट्रेन में इलेक्ट्रिक इंजन लगाया गया। इसके बाद शाम तकरीबन ५.२० बजे चंबल एक्सप्रेस छिवकी के लिए चली।

# इलेक्ट्रिक बसें कराएंगी लखनऊ दर्शन

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। दुबग्गा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार पाल ने बताया कि, एक जुलाई से इलेक्ट्रिक एसी सिटी बसें यात्रियों को लखनऊ दर्शन कराएंगी। ये १४ बसें रूट नंबर -३ दुबग्गा से जनेश्वर मिश्र पार्क गोमतीनगर तक चलेंगी। इसके लिए सिटी ट्रांसपोर्ट कंपनी १४ बसें चलाएगी, जो यात्रियों को राजधानी की धरोहरों से रूबरू कराएंगी।

ये बसें दुबग्गा से चलकर वाया पुराने लखनऊ होते हुए गोमतीनगर पहुंचेंगी। यात्रियों को हर ३० मिनट पर ये बसें मिलेंगी। इसका न्यूनतम १० और अधिकतम ३० रुपये किराया होगा। ये बसे राजधानी की धरोहर कोनेश्वर मंदिर, घंटाघर, रूमी गेट, छोटा इमामबाड़ा, बड़ा इमामबाड़ा, रेजीडेंसी, मोती महल, सहरागंज, अंबेडकर पार्क, जनेश्वर मिश्र पार्क के दर्शन कराएंगी।

# महाप्रबन्धक उत्तर रेलवे ने प्रधान कार्यालय और अम्बाला मंडल में रेल टेल द्वारा शुरू किए गए ई-ऑफिस का किया शुभारम्भ

रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक,टी.पी. सिंह ने दिनांक ०१.०७.२०१६ को रेलवे और रेल टेल के वरिष्ठ




अधिकारियों की उपस्थिति में उत्तर रेलवे पर रेल टेल द्वारा शुरू किए गए ई-ऑफिस का शुभारम्भ किया। दिन प्रतिदिन के फाइल संबंधी कार्यो को डिजिटाइज्ड करने के लिए यह क्लाउड आधारित सॉफ्टवेयर ई-ऑफिस है। ई-आफिस का क्रियान्वयन न केवल कामकाज में दक्षता एवं पारदर्शिता लाएगा बल्कि बड़ी संख्या में कागजों की खपत में कमी लाकर हरित उपायों में मदद देगा। रेल मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाले एक मिनी रत्न सार्वजनिक उपक्रम, रेल टेल ने भारत सरकार के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कार्यक्रम के तहत् भारतीय रेल के लिए ई-ऑफिस प्रणाली, जोकि मिशन मोड परियोजना है, के क्रियान्वयन का कार्य अपने हाथ में लिया है। रेल टेल ने केवल ३.५ माह की अवधि में ही ७ सी.टी.आई,२ पी.यू. के साथ-साथ ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन दक्षिण मध्य रेलवे (मुख्यालय और सभी ६ मंडलों-गुंटूर, सिकन्दराबाद, गुंटकल, विजयवाड़ा, हैदराबाद और नांदेड़) और दक्षिण रेलवे के त्रिचि मंडल पर पहले ही कर दिया है। सितम्बर, २०१६ तक प्रत्येक जोनल मुख्यालय और उसके १ मंडल में इस प्रणाली को पूरी तरह से क्रियान्वित करने का लक्ष्य है। उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय, और इसके अम्बाला मंडल के ई-आफिस के क्रियान्वयन पर बोलते हुए उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक ने कहा कि रेल टेल ने बहुत कम समय में ही उत्तर रेलवे मुख्यालय और अम्बाला मंडल पर यह काम शुरू कर दिया है।

इस परियोजना पर प्रकाश डालते हुए रेल टेल के मुख्य प्रबंधन निदेशक,पुनीत चावला ने कहा कि हमने समूच भारतीय रेलवे पर ई-ऑफिस का क्रियान्वयन करने के लिए भारतीय रेल के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं। पहले चरण की इस परियोजना के अंतर्गत ५० हजार उपयोगकर्ताओं को ई-आफिस से जोड़ा जायेगा।

# अनाधिकत रूप से चेनपुलिंग करने वाले पर की गयी कार्रवाही

रे.स.ब्यू./सू.बिलासपुर। पूरे भारतीय रेल में यात्री गाड़ियों की समयबध्दता को बरकरार रखने के लिए अनेक प्रकार के उपाय किये जा रहे है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा भी परिचालन से जुड़े सभी विभागों द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे है, जिसके फलस्वरूप सभी विभाग बहुआयामी कार्य कर रही है, और जहा पर भी परिचालन प्रभावित होने की गुंजाइश दिखाई देती है उन क्षेत्रों में भी पैनी नजर रखी जा रही है।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सुरक्षा बल विभाग द्वारा अनाधिकृत चेनपुलिंग करने वालों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है।रेलवे सुरक्षा बल विभाग के द्वारा अनाधिक त रूप से चेनपुलिंग करते हुए यात्रियों गाड़ियों की समयबद्धता को बाधित करने वालों पर नज़र रखते हुए कड़ी कार्रवाही की जा रही है। सुरक्षा बल विभाग द्वारा अनाधिकत चेनपुलिंग करने वालों की धरपकड़ करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अनाधिक त चेनपुलिंग की रोकथाम के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अभियान चलाते हुए की गयी कार्रवाही के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों मंडलों के रेल सुरक्षा बल द्वारा जनवरी २०१६ से मई २०१६ तक के ५ माह में कुल ८३६ मामले पकडे गए, जिन पर रेलवे एक्ट के अनुसार कार्रवाही करते हुए ८३६ लोगों की गिरफ्तारी की गयी।

जिनमें जनवरी १६ में २१२ मामले, फरवरी १६ में १७३ मामले, मार्च १६ में १७१ मामले अप्रैल १६ में १४३ मामले एवं मई १६ में १४० मामले सामने आये जिन पर कार्रवाही करते हुए ८३६ लोगो को माननीय अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

> जो धर्म दूसरे धर्म का बाधक होता है, वह धर्म नहीं कुधर्म है। सच्चा धर्म वही है जो किसी धर्म का विरोधी न हो।

## रेलटेल का सफरनामा...........

# श्री पुनीत चावला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल की कलम से

भारतीय रेलों की दूरसंचार प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए एक आंतरिक संस्था के रुप में २६ सितंबर, २००० में रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. का गठन किया गया था। १००० करोड़ रुपए की प्राधिकृत पूँजी और ६५००० किमी के भारतीय रेलवे नेटवर्क पर मार्गाधिकार (आर-ओडब्ल्यू), भारतीय रेलों के प्रतिभाशाली, अनुभवी और प्रेरित सिगनलिग एवं दूरसंचार के इंजीनियरों के साथ पीएसयू ने कार्य करना प्रारंभ किया। बहुत ही कम समय में रेलटेल एक छोटी सी संस्था से देश की सबसे बड़ी सुरक्षित तटस्थ दूरसंचार सेवाओं की प्रदाताओं में से एक बन गयी। यह भारतीय रेलवे के लिए ट्रेन संचालन आधुनिकीकरण और प्रशासनिक नेटवर्क प्रणालियों के अतिरिक्त देशव्यापी ब्रॉडबैंड टेलीकॉम और मल्टीमीडिया नेटवर्क प्रदान करने में सबसे आगे है। रेलटेल की सबसे बड़ी यूएसपी देश के सभी महत्वपूर्ण कस्बों और शहरों तथा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाले देशव्यापी ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क के ४६०००+आरकेएम का स्वामित्व है। २०१२ में रेलटेल ने मिनीरत्न श्रेणी १ सीपीएसयू का दर्जा अर्जित किया और वर्तमान में बहुत कम ऋण मुक्त लाभ देने वाली दूरसंचार पीएसयू में से एक है। रेलटेल दूरसंचार विभाग से यूनिफाइड लाइसेंस, अंतर्राष्ट्रीय लंबी दूरी के लाइसेंस और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदाता-१ पंजीकरण के तहत संचालन करती है। हालांकि रेलटेल ने भारतीय रेलवे की दूरसंचार प्रणाली को आधुनिकीकृत करने के लिए एक संस्था के रूप में शुरुआत की, शीघ्र ही इसने कई क्षेत्रों में कार्य करना शुरु कर दिया। कंपनी ने प्राइवेट और सरकारी ग्राहकों को इंटरनेट बैंडविड्थ प्रदाता, लीज्ड लाइन्स, टॉवर को-लोकेशन, एचडी विडियों कान्फ्रेन्सिंग सर्विस, डाटा सेंटर जैसी कई सेवाएं प्रदान करने की पेशकश शुरू की है ।



वित्तीय निष्पादन

रेलटेल ने लगातार लम्बे लम्बे डग भर अच्छे परिणाम दिए हैं। कंपनी ने वित्तीय वर्ष २००६-०७ में मात्र ११४ करोड़ रुपये की आय से १४.८ः की औसत वृद्धि दर के साथ, १००० करोड़ कंपनी हो गई है और कंपनी के शुद्ध आमदनी में भी ८ः की दर से वृद्धि हुई है। कंपनी ने कर के बाद भी स्थिर लाभ बनाए रखा है और लगातार रेल मंत्रालय को लाभांश दे रही है। एक नज़र में कंपनी का निष्पादन निम्नानुसार हैः

ओएफसी नेटवर्क शक्ति रेलटेल के पास देश के ७३४६ स्टेशनों से होकर गुजरने वाले ६७,३६८ किलोमीटर रेलवे ट्रैक के साथ विशिष्ट मार्ग का अधिकार है। इस आरओडब्ल्यू का उपयोग करते हुए, रेलटेल ने अब तक ५०२५१ मार्ग किलोमीटर ओएफसी बिछायी हैं, जिनमें से जनवरी २०१६ तक ४८२३५ मार्ग किलोमीटर लिट की जा चुकी है। अन्य ६७०० मार्ग किलोमीटर पर कार्य निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। रेलटेल की उच्च गति ओएफसी बैकबोन नेटवर्क अंततः पूरे देश में पूरे रेलवे मार्ग को कवर करेगी। हाई बैंडविड्थ बैकबोन सेगमेंट में, रेलटेल ने अपने अविश्वसनीय नेटवर्क के साथ एक शानदार स्थान प्राप्त किया है। रेलटेल ने मार्ग के प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर ८-१० किलोमीटर के अंतराल पर प्वाइंट ऑफ प्रिजेंस का सृजन किया है। रेलवे की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मार्ग के सभी स्टेशनों पर (१५५/६२५ एमबीपीएस) बैंडविड्थ प्रदान करने वाले एसटीएम-१/४ उपकरण लगाये हैं। देश के महत्वपूर्ण कस्बों/शहरों को जोड़ने के लिए ४०-६० किलोमीटर के अंतराल पर एसटीएम-६४/१६ के distribution layer नेटवर्क लगाए गए हैं। वर्तमान में यह नेटवर्क एसटीएम -६४/१६ के मल्टिपल रिगों में ६०० से अधिक शहरों में उपलब्ध है। इसके अलावा, रेलटेल ८५ शहरों में २५५०० मार्ग किलोमीटर से अधिक पर गीगा कैपेसिटी क्षमता से ८०० जी तक सक्षम कोर नेटवर्क पर

डेन्स वेव डिवीजन मल्टिप्लेक्सिंग है जिससे यह देश में इस तरह के नेटवर्क वाले कुछ ऑपरेटरों में से एक हो गया है। इसी प्रकार अन्य महत्वपूर्ण मेट्रो रूट भी बैंडविड्थ उन्नयन के प्रक्रियाधीन हैं।

खुदरा प्रयास प्रारंभ में रेलटेल, केवल एक बी २ बी कंपनी थी। लेकिन हाल ही में इसने अपनी रीटेल ब्रडबैंड सेवा रेलवॉयर को पेश करने के लिए बी २ सी बाजार में प्रवेश किया है। रेलवायर स्थानीय केबल ऑपरेटरों और ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं के साथ साझेदारी में एक ब्रॉडबैंड वितरण प्लेटफार्म है। रेलवायर को केबल ऑपरेटर के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके खुदरा ग्राहकों को ब्राडबैंड इंटरनेट, आईपी टेलीफोनी,-हेल्थकेयर, -शिक्षा और अन्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एक ओपन सोर्स स्रोत कन्टेन्ट वितरण प्लेटफार्म के रूप में बनाया गया है। रेलवायर वाई-फाई के पास वर्तमान में देशभर में १ लाख+ग्राहक है और संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है।

नॉलेज नेटवर्क और राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का निर्माण रेलटेल न केवल सेवा, बल्कि विभिन्न मोर्चो पर एक ज्ञान समाज(नॉलेज सोसाइटी) बनाने की दिशा में भी कार्य कर रही है और दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओ के कार्यान्वयन के लिए चुनी गयी है। रेलटेल देश में राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के कार्यान्वयन में एक प्रमुख भागीदार है जिसमें उच्च क्षमता नेटवर्क पर प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों/विश्वविद्यालयों को जोड़ने का कार्य शामिल है। इस परियोजना के अंतर्गत रेलटेल ने ५१८ विश्वविद्यालयों और प्रीमियर अनुसंधान संस्थानों को कवर किया है। यह भारतनेट (तत्कालीन राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क) के कार्यान्वयन के लिए एक भागीदार है। इस योजना का उद्देश्य दूरसंचार विभाग के यूनिवर्सल सर्विस आब्लिगेशन निधि(यूएसओएफ) का उपयोग करके इन्क्रीमेंटल केबल बिछाकर मौजूदा बीएसएनएल, रेलटेल और पीजीसीआईएल के ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क जो जिला/ब्लॉक मुख्यालयों तक उपलब्ध है का ग्रामपंचायतों तक विस्तार करना है। रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलना सरकार के डिजिटल भारत के स्पप्न और रेलवे स्टेशनों के डिजिटल समावेश के विजन की पूर्ति की दिशा में योगदान में रेलटेल, प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई- फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित कर रही है। वर्तमान में ६२५ स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई -फाई से सज्जित हैं जिसके प्रति माह ८+ मिलियन विशिष्ट उपयोगकर्ताओं हैं। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेज़ सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क में से एक है। इस सेवा पर जनमानस की प्रतिक्रिया अभूतपूर्व है , जिससे एक महीने में लगभग २.८ करोड़ उपयोगकर्ता लॉगिन और कुल मिलाकर ६४६१ टीबी कुल डाटा खपत है। यात्री इस सुविधा का उपयोग हाईडेफिनेशन(एचडी) वीडियो, फिल्मों, गाने, गेम डाउनलोड करने और अपने कार्यालय का काम ऑनलाइन करने के लिए करते हैं। रेलटेल अब अपना प्रमुख कार्यक्रम 'रेलवायर साथी' शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है जिसमें वह छोटे कियोस्क स्थापित करेगा और स्थानीय बेरोजगार युवाओं को डिजिटल एंटरप्रेन्योर बनने के लिए कियोस्क के बुनियादी ढांचे का लाभ उठाने के लिए प्रशिक्षित करेगा।

डाटा सेंटर रेलटेल के पास सिकंदराबाद और गुरुग्राम में दो अपटॉम यूएसए प्रमाणित टीयर-III डाटा सेंटर हैं। रेलटेल इन दो अत्याधुनिक ६००० वर्ग फीट सर्वर फार्म डाटा सेंटरों से, कोलोकेशन सेवाएं, प्रबंधित सेवाएं, क्लाउड कम्प्यूटिंग, प्रबंधित -कार्यालय, आधार प्रमाणीकरण, आदि जैसी डाटा सेंटर सेवाएं पेश करती है । सभी रेलटेल होस्टिंग और कोलोकेशन सेवाओं को ६६. ६८३: के एस.एल.एं.द्वारा समर्थित किया जाता है जो उद्योग मानक द्वारा सर्वोत्तम है। रेलटेल के डाटा सेंटर के यूएसपी में विभिन्न स्तरों पर चौबिसों घंटे वेरी अरली स्मोक डिटेक्शन सिस्टम, आईपी सीसीटीवी सिस्टम, एक्सेस कंट्रोल सिस्टम, वॉटर लीक डिटेक्शन सिस्टम, रोडेन्ट रिपेलेंट सिस्टम और बिल्डिंग मैंनेज्मेंट सिस्टम व बहुस्तरीय भौतिक सुरक्षा से लैस है। बिजली की विश्वसनीयता को उच्चतम स्तर तक देने के लिए एक एन + एन अतिरिक्त यूपीएस ग्रिड को पोषित करने वाले डीजल जनरेटर के साथ ऑन-साइट पावर सिस्टम है। भारतीय रेलवे के अलावा ऐसे बहुत से ग्राहक हैं जैसे केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड, पीएफओ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, तेलंगाना राज्य प्रौद्योगिकी सेवाएं, यूटीआई इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज लिमिटेड आदि, जोकि डाटा सेंटर सेवाओं के लिए रेलटेल पर भरोसा करते हैं। सिकंदराबाद में प्रावधानित स्थान पहले से ही इष्टतम स्तरों पर कार्य कर रहा है और उसके विस्तार के लिए योजनाएँ प्रक्रियाधीन हैं।

सेवा के रूप में टेलीप्रिजेंस रेलटेल का टीपास एक एंड-टू-एंड, हाई-डेफिनिशन वीडियोकांफ्रेंसिंग सेवा है। टेलीप्रिजेंस सेवाओं ने अक्सर भारत के माननीय प्रधानमंत्री, रेलमंत्री, उद्योग और वाणिज्य मंत्री के लिए ऐसे कार्यक्रमों में सेवाएं दी हैं जहाँ अल्प समय के नोटिस पर ओबी वैन उपलब्ध कराना मुश्किल होता।

इन सेवाओं को मासिक सदस्यता के आधार पर प्रदान किया जाता है जबकि प्रौद्योगिकी अप्रचलन के कारण निवेश की आवत आवश्यकता को कम करते हुए ग्राहक द्वारा कैपेक्स में कोई निवेश की आवश्यकता नहीं होती है।

ई-कार्यालय रेलटेल ने कामकाज में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए भारतीय रेलों पर ई-ऑफिस का कार्यान्वयन भी शुरू कर दिया है। कार्यान्वयन के लिए सबसे पहले मार्च, २०१६ से गुंटूर मंडल के साथ दक्षिण-मध्य रेलवे जोनल हेड क्वार्टर को लिया जाएगा और अन्य जोनल मुख्यालयों और प्रत्येक के एक मंडल को दिसंबर, २०१६ तक पूरा कर लिया जाएगा।

वीडियो निगरानी प्रणाली रेलटेल ६१२४ रेलवे स्टेशनों और ७०२० प्रीमियम ट्रेनों के सवारी डिब्बों और एमयू कोचों में आईपी कैमरा-आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली के प्रावधान को भी क्रियान्वित कर रही है। यह रेलवे नेटवर्क पर यात्र करने वाले यात्रियों की संरक्षा और सुरक्षा बढ़ाने में एक लंबा रास्ता तय करेगी। रेलटेल संबंधित ज़ोनल रेलवे द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर स्थापित स्टैंडअलोन वीडियो निगरानी प्रणाली को भी एकीकृत कर रहा है ताकि वीडियो रिकॉडिंग को मंडल और ज़ोनल हेड क्वार्टर स्तर पर केंद्रीय रूप से देखा जा सके। रेलवे के लिए अन्य सेवाएं रेलटेल ने भारतीय रेलवे के लिए विभिन्न दूरसंचार और आई टी अवसंरचना परियोजनाओं के साथ-साथ विभिन्न मूल्य वर्धित सेवाओं को भी लागू किया है। इसने विभिन्न रेलवे अनुप्रयोगों को सुदूर और ग्रामीण स्टेशनों तक फैलाने में सुविधा प्रदान की, जिससे ग्राहकों की संतुष्टि में वृद्धि हुई। आवाज यातायात के लिए एनजीएनः भारतीय रेलवे के सभी प्रमुख टेलीफोन एक्सचेंज फ्यूचर प्रूफ एनजीएन तकनीक से जुड़े हुए हैं। यह अवसंरचना रेलवे के दैनिक प्रशासनिक कार्यप्रणाली के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

ब्रॉडबैंडः इसके अलावा, रेलटेल ने मौजूदा रेलवे एक्सचेंजों पर डिजिटल सब्सक्राइबर लाइन एक्सेस मल्टीप्लेक्सर चालू किया है, जो मौजूदा कॉपर वायर लास्ट माइल का उपयोग करने वाले शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में भारतीय रेलवे के एक लाख से अधिक घरों और कार्यालयों को ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करता है। यह न केवल रेलवे कर्मचारियों की मदद करेगा बल्कि राष्ट्रीय दूरसंचार नीति के अनुरूप देश में ब्रॉडबैंड की पहुंच बढ़ाने में भी मदद करेगा।

सीयूजी सेवाओं को सुगम बनानाः इसके अलावा, रेलटेल ने भारतीय रेलवे के २७१,००० से अधिक अधिकारियों के लिए मोबाइल सीयूजी कनेक्शन के लिए एक खुली प्रक्रिया के माध्यम से एक ऑपरेटर का चयन करके भारतीय रेलवे को सुविधा प्रदान की है जो यकीनन भारत के भीतर सबसे बड़ी सीयूजी योजना है। इसने ट्रेन परिचालन में सुधार के लिए अधिकारियों के बीच सहज संवाद की सुविधा प्रदान की है। स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क रेलटेल देश के विभिन्न राज्यों में स्टेट-वाइड एरिया नेटवर्क के सृजन और अनुरक्षण में मदद कर रहा है। हरियाणा में रेलटेल पूरी स्वान आईटी अवसंरचना का अनुरक्षण कर रहा है और जहाँ आवश्यकता है, उसका उन्नयन कर रहा है और राजस्थान में रेडियो फ्रीक्वेंसी कनेक्टिविटी और गाँव स्तर तक वाई -फाई का प्रावधान किया जा रहा है। केरल में रेलटेल नई पीढ़ी के उपकरणो के साथ स्टेट-वाइड नेटवर्क को उन्नयन कर रही है और सुविधा प्रबंधन सेवाएं प्रदान कर रही है। यूरोपीय ट्रेन नियंत्रण प्रणाली रेलटेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरईएल), रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसे ४ रेलवे सेक्शनों पर रेलवे सिगनलिंग प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए यूरोपियन ट्रेन कंट्रोल सिस्टम लेवल २ परियोजना का कार्य सौंपा गया है। यूरोपियन ट्रेन कंट्रोल सिस्टम लेवल २ परियोजना भारतीय रेलवे की सबसे महत्वाकांक्षी आधुनिकीकरण परियोजनाओं में से एक है जो विश्व स्तर के मानक के साथ सिगनलिंग प्रणाली के उन्नयन की परिकल्पना करती है। दक्षिण मध्य रेलवे के चेन्नई सेंट्रल- मुंबई सेक्शन पर १६५ मार्ग किलोमीटर), पूर्व तट रेलवे के हवड़ा चेन्नै सेक्शन पर १४५ मार्गकिलोमीटर, उत्तर मध्य रेलवे के नई दिल्ली-चेन्नै सेन्ट्रल सेक्शन पर १५५ मार्गकिलोमीटर पर और मध्य रेलवे के मुंबई-हवड़ा सेक्शन पर १७५ मार्गकिलोमीटर के लिए मॉडर्न ट्रेन कंट्रोल सिस्टम लागू किया जाएगा । ये भारी यातायात वाले सबसे व्यस्त रेलवे मार्ग में से कुछ हैं। यूरोपियन ट्रेन कंट्रोल सिस्टम स्तर २ रेल नेटवर्क में ट्रेन संचालन में व्यवधान को कम करने और लाइन क्षमता को बढ़ाने तथा संरक्षा बढ़ाने में मदद करेगा। यह प्रणाली स्वचालित सिगनलिंग, ट्रेन संचालनों की वास्तविक समय की जानकारी, मैनुअल डाटा लगिंग की आवश्यकता को समाप्त करेगा। ट्रेनों के देरी से चालन को समाप्त करेगा। यह ट्रेन परिचालन के स्वचालन के कारण ट्रेनों की औसत गति बढ़ाने में भी मदद करेगा।

सिगनलिंग प्रणाली का आधुनिकीकरण रेलटेल एन्टरप्राइजेज लि, रेलटेल कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसे उत्तर रेलवे के १३ स्टेशनों पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग प्रणाली के साथ पुराने मैकेनिकल सिगनलिंग उपस्करों के प्रतिस्थापन का कार्य सौंपा गया है। मौजूदा मैकेनिकल सिगनलिंग सिस्टम सिगनल को और पटरियों को बदलने के लिए लीवर फ्रेम का उपयोग करते हैं। नये इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग सिगनलिंग सिस्टम में अब एक माउस के क्लिक से सिगनल और पटरियों को बदलना संभव होगा, संरक्षा बढ़ाएगा और ट्रेन संचालन की दक्षता में सुधार करेगा । कुल १३ स्टेशन हैं जिन्हें आरईएल को सौंपा गया है, जिनमें से ३ दिल्ली मंडल में हैं और १० अम्बाला मंडल में हैं। इस परियोजना की

अनुमानित लागत लगभग ८७ करोड़ रुपए है कार्य को निष्पादित करने के लिए आरईएल और उत्तर रेलवे के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल रेलटेल कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रमों के माध्यम से अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने के लिए डिजिटल साक्षरता, शिक्षा, स्वास्थ्य और शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए सक्रिय रूप से कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है। रेलटेल वर्तमान में ४ डिजिटल साक्षरता केंद्र (वाराणसी में २, सतना, मध्य प्रदेश में १ और मेवात, हरियाणा में १) और जहांगीरपुरी, नई दिल्ली में महिलाओं के लिए १ कौशल विकास केन्द्र चला रही है। छात्रों के लिए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने की आवश्यकता की पहचान करने के लिए रेलटेल ने देश भर के ८ सरकारी स्कूलों में ब्रॉडबैंड और आईसीटी इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया है। रेलटेल ने सेंटर फॉर सोशल रिस्पान्सिबिलिटी एंड लीडरशिप, नई दिल्ली के सहयोग से, एक रेलटेल - आकांशा सुपर ३० केंद्र की स्थापना की है, जहां उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से ३० वंचित लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे आई आई टी, एनआईटी और राज्य इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए ११ महीने के लिए मुफ्त आवासीय कोचिंग और परामर्श प्रदान किया जाता है। यह रेलटेल के लिए गर्व का क्षण था जब हमारे सीएसआर पहल आकांशा सुपर ३०, देहरादून के ३० में से २७ छात्रों ने जेई मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण की , जिसमें से १७ छात्रों ने जेई एडवांस की परीक्षा २०१८ से प्रीमियर लीग इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश लिया है । भारतीय टेलीकॉम उद्योग में गिरावट के बावजूद रेलटेल सफलतापूर्वक कार्य निष्पादन के आंकड़ों में वृद्धि कर रहा है। रेलटेल द्वारा दर्ज की गई यह व द्धि टेलीकॉम बाजार की वर्तमान स्थिति को देखते हुए स्पष्टरूप से अभूतपूर्व है, जहां लगभग सभी प्रतियोगी साल-दर-साल नुकसान उठा रहे हैं। रेलटेल से उम्मीदें बहुत आशावादी हैं और टीम रेलटेल देश में सबसे भरोसेमंद आईटी और आईसीटी समाधान प्रदाता बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रयागराज में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागरा। मण्डलायुक्त कार्यालय, प्रयागराज में प्रयागराज मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। नवीन प्रयोग के तौर पर मण्डलीय उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक का भी आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता श्री सतीश महाना मंत्री अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा तथा वस्त्र उद्योग विभाग उ० प्र० सरकार ने की तथा मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग तथा विशिष्ट अतिथि संजय प्रसाद सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग थे। दिनांक २६.०६.२०१६ को कार्यवाहक मण्डलायुक्त भानुचन्द गोस्वामी ने मंत्री जी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक में मंत्री द्वारा विगत वर्षों में प्रतिमाह जिला उद्योग बन्धु तथा मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न कराने पर हर्ष व्यक्त किया गया।

# उप निदेशक सूचना डा.संजय कुमार राय हुए सेवानिवृत



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। सूचना विभाग प्रयागराज के उप निदेशक सूचना डा. संजय कुमार राय अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गये। विदाई कार्यक्रम में सूचना विभाग के सूचना अधिकारी ऋशभदेव त्रिपाठी, राजेश राय, धर्मवीर खरे, कर्मवीर खरे के साथ से.नि. उप निदेशक आर पी द्विवेदी, से.नि. जे.एन. यादव तथा कार्यालय के कर्मचारीगण सुश्री शाइस्ता जबी, संतलाल, प्रेमनाथ पाण्डेय, राजेन्द्र पाण्डेय, राहुल पाल, श्रीकान्त दीक्षित उपस्थित रहें।

# उत्तर रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा योग दिवस का आयोजन



रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। उत्तर रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड प्रादेशिक प्रधान केंद्र बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली द्वारा ५ दिन से चल रहे राष्ट्रपति स्काउट गाइड रोवर रेंजर टेस्टिंग कैंप में तीसरे दिन उत्तर रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड की अध्यक्षा एवं उत्तर रेलवे की अपर महाप्रबंधक, सुश्री अर्चना जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। जैसा कि विदित है सदियों से विश्व गुरु भारत देश अपने योग गुरु महर्षि पतंजलि की दी गई सौगात को न सिर्फ भारतवर्ष में बल्कि पूरे विश्व में प्रचारित किया जा रहा है। इसे विश्व योग दिवस नाम से जानते हैं।

इस वर्ष का योग दिवस थीम पर्यावरण के लिए योग विषय पर विश्व ख्यात योग गुरु डाक्टर इस्लाम (जो योग पर डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर देश् विदेश में योग के लिए कार्य कर रहे हैं) ने सभी लीडर्स व सभी स्काउट गाइड रोवर रेंजर को योग की जानकारी दी तथा उन्हें योग कराया ।

# दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

रे.स.ब्यू./सूत्र.कोलकाता। दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष २०१६ (अप्रैल-जून) की दूसरी बैठक दिनांक २४.०६.२०१६ को एच. के. साहू, मुख्य् राजभाषा अधिकारी एवं वित्त सलाहकार व मुख्य लेखा अधिकारी (मुख्यालय) की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस बैठक में सभी विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष, सभी मंडलों के अपर मुख्यअ राजभाषा अधिकारी एवं रेल कारखाना, खड़गपुर के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस बैठक में विशेष अतिथि के रूप में वरूण कुमार, निदेशक/राजभाषा, रेलवे बोर्ड उपस्थित थे। बैठक का संचालन पी सी डांग, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ने किया। इस बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे पर हो रहे राजभाषा कार्यों की समीक्षा की गई।

मुख्य राजभाषा अधिकारी ने फाइलों के शीर्ष द्विभाषी और आशुलिपि प्रशिक्षण पर विशेष रूप से ध्यान देने पर जोर दिया। उन्हों ने राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिस पर अमल किया जाएगा। बैठक में उपस्थित अधिकारियों के लिए राजभाषा पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अधिकारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बैठक में राजभाषा विभाग की ग हपत्रिका गतिमान एवं परिचालन विभाग की ग ह पत्रिका पहल का भी विमोचन किया गया।

बैठक में मंडलों से आए अधिकारियों ने अपने यहां राजभाषा में हो रहे विशेष कार्यों की जानकारी दी।

हिन्दी भाषा रेल की भाषा
हिन्दी भाषा देश की भाषा

# अलीगढ़-मुरादाबाद-अलीगढ़ पैसेंजर रेलगाड़ी का गजरौला तक विस्तार

रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने ५४३६१/५४३६२ अलीगढ़-मुरादाबाद-अलीगढ़ पैसेंजर रेलगाड़ी को दिनांक ०१.०७.२०१६ से गजरौला तक यात्रा विस्तार देने का निर्णय जो दिनांक ०१.०७.२०१६ से ५४३६१ अलीगढ़-मुरादाबाद पैसेंजर रेलगाड़ी अलीगढ़ से प्रातः ०४.५५ बजे के स्थान पर प्रातः ०४.४५ बजे प्रस्थान करके उसी दिन सुबह ०६.३० बजे के स्थान पर सुबह ०६.२० बजे मुरादाबाद पहुँचेगी। यह रेलगाड़ी मुरादाबाद से सुबह ०६.३० बजे प्रस्थान करके उसी दिन पूर्वाह ११.३० बजे गजरौला पहुँचेगी। वापसी दिशा में दिनांक ०१.०७.२०१६ से ५४३६२ गजरौला -मुरादाबाद-अलीगढ़ पैसेंजर रेलगाड़ी गजरौला से दोपहर ०२.२० बजे प्रस्थान करके उसी दिन सांय ०४.५० बजे मुरादाबाद पहुँचेगी । यह रेलगाड़ी मुरादाबाद से सांय ०५.०० बजे प्रस्थान करके उसी दिन रात्रि १०.०५ बजे अलीगढ़ जं० पहुँचेगी।

# मुख्यालय हाजीपुर में क्राईम कांफ्रेंस का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर की अध्यक्षता में महाप्रबंधक कार्यालय, हाजीपुर के सभागार में दिनांक १७.०६.२०१६ को क्राईम कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एस०एन०चौधरी, मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रे०सु०ब० एवं पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के वरि० मंडल सुरक्षा आयुक्त /मंडल सुरक्षा आयुक्त, सहायक सुरक्षा आयुक्त, प्रशिक्षण केन्द्र, मोकामा एवं मुख्यालय के सभी पदाधिकारी सम्मिलित हुए। आयोजित क्राईम कान्फ्रेंस के दौरान महानिरीक्षक/हाजीपुर द्वारा उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए यह बताया कि रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा दिनांक १३.०६.१६ को आपरेशन थन्डर के तहत रेलवे आरक्षित टिकट से संबंधित अवैध टिकट दलालों के विरूद्ध देश-व्यापी चलाये गये अभियान के तहत पूर्व मध्य रेल के संबंधित रे०सु०ब० के द्वारा रेल आरक्षण काउन्टर तथा चिन्हित ई-टिकट दलालों के विरूद्ध किये गये कारगर कार्यवाही के अर्न्तगत कुल १७ अवैध टिकट दलालों के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही किया गया जिस दौरान कुल २०८२ रेल आरक्षित टिकट बरामद किया गया।इस दौरान प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के द्वारा बताया गया कि ई-टिकट के माध्यम से पर्सनल आई०डी० पर टिकट दलाल के द्वारा अवैध तरीके से पिछले तथा आगामी बनाये गये टिकट की राशि रू०-५४,८५,३६८/-है। प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने ई-टिकट से संबंधित अवैध कारोबार करने वाले दलालों के विरूद्ध अभियान चलाकर आवश्यक कार्यवाही किये जाने का आदेश दिया।

## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामाजिक, फिल्म, व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों में भेजें।

प्रधान सम्पादक

# उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का सफल आयोजन



रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष बच्चो के लिए ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी १५ मई से १५ जून तक इस कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बच्चो ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया तथा नृत्य, पेंटिंग आदि विधाओं को सीखा।

इस कार्यशाला के समापन समारोह में श्रीमती हरिंदर कौर (अध्यक्षा,उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन) तथा कार्यकारिणी की अन्य सम्मानित सदस्याएं उपस्थित थी जिन्होंने न केवल बच्चों का उत्साह बढ़ाया बल्कि उन्हें सम्मानित भी किया।

# हल्द्वानी से प्रयागराज के मध्य जल्द शुरू होगी एसी बस

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। यूपी रोडवेज कि ओर से जल्द ही प्रयागराज से उत्तराखंड के हल्द्वानी के लिए सीधी एसी बस चलाने की तैयारी की है। लंबी दूरी की वजह से यात्री लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि हल्द्वानी के लिए एसी बस का संचालन शुरू किया जाए। इसका संचालन शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।

वर्तमान समय लीडर रोड डिपो की ओर से साधारण श्रेणी की एक बस हल्द्वानी के लिए चलाई जा रही है।

# मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में पेंशन अदालत का आयोजन



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय इलाहाबाद में दिनांक १७.०६.२०१६ को 'पेंशन अदालत' का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग अग्रवाल ने किया। आयोजन में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, अभिषेक रंजन ने पेंशन अदालत में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए पेंशन अदालत के बारे में विस्तार से बताया, वहीं अपर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए पेंशन से संबंधित सभी मामलो का त्वरित निस्तारण करने पर जोर दिया और कहा कि 'निराकरण ऐप' के माध्यम से भी आप सभी अपनी समस्याओं का निराकरण करवा सकते हैं।

पेंशन अदालत में कुल ६६ प्रकरण प्राप्त हुए हैं जिसमें सभी का निस्तारण कर दिया गया। पेंशन अदालत के दौरान ३४ पेंशनर उपस्थित हुए उन्हें पत्र के माध्यम से पेंशन संशोधन सम्बंधित जानकारी मौके पर ही उपलब्ध करा दी गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक रंजन, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक अरूण सिंह, मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे, के एल जायसवाल, मंडल वित्त प्रबंधक एम् एच अंसारी, सहायक कार्मिक अधिकारी लव कुश, मुख्य कार्यालय अधीक्षक पी के देब, उपस्थित रहे।

# दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर अब चलेगी हिसार तक

रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने ५४३०६/५४३१० दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर रेलगाड़ी को दिनांक ०१.०७.२०१६ से हिसार तक चलाने का निर्णय लिया है,जो दिल्ली जंक्शन से प्रातः ०५.२० बजे प्रस्थान करके उसी दिन सुबह ०८.१० बजे रेवाड़ी पहुँचेगी। दिनांक ०१.०७.२०१६ से यह रेलगाड़ी रेवाड़ी से सुबह ०८.१५ बजे प्रस्थान करके अपनी आगे की यात्रा पर हिसार के लिए रवाना होगी और दोपहर ०२.०० बजे हिसार पहुँचेगी। वापसी दिशा में दिनांक ०१.०७.२०१६ से हिसार-दिल्ली जं० पैसेंजर हिसार से भोर में ०३.४० बजे प्रस्थान करके उसी दिन सुबह ०६.२५ बजे रेवाड़ी पहुँचेगी। यह रेलगाड़ी रेवाड़ी से सुबह ०६.३० बजे प्रस्थान करके उसी दिन दोपहर १२.२० बजे दिल्ली जं० पहुँचेगी। विस्तार दिए गए मार्ग पर यह रेलगाड़ी नागल मूंदी, डहिना ज़ैनाबाद, कनीना खास, गुरहा, केमला, बोजावास, महेन्द्रगढ़, ज़ेरपुर पाली, नांगल डीगरोटा, नानवन हॉल्ट,सतनाली, शोहंसरा, लोहारू, कुशलपुरा, परवेज़पुर, रामपुरा बेरी, गुगलवा कीर्तन हॉल्ट, बीवर भजन, हरपाल, कंधारन हॉल्ट, सादुलपुर जं०, सूरतपुरा जंक्शन, लसेरी, झुंपा, सिवानी, नलोई बरवा हॉल्ट और चरौड़ स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

# सहायक यातायात प्रबंधक बने जे. संजय कुमार,

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। जे. संजय कुमार ने दिनांक ०१.०७.२०१६ को इलाहाबाद मंडल के टूंडला रेलवे स्टेशन पर सहायक यातायात प्रबंधक का पद भार ग्रहण कर लिया। जे.संजय कुमार इरोड तमिलनाडु के मूल निवासी है और प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा इरोड तमिलनाडु में हुई है, इन्होंने वर्ष २००७ में ग्रेजुएशन इरोड तमिलनाडु से तथा पोस्ट ग्रेजुएशन इन मैनेजमेंट वर्ष २००६ में बेंगलुरु से किया है। जे. संजय कुमार भारतीय रेल यातायात सेवा (IRTS) २०१७ बैच के अधिकारी हैं, आपने सिविल सेवा परीक्षा में ५४१वीं रैंक हासिल की है।

# कॉलेज में घुसकर मारी गोली

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। महाविद्यालय में घुसकर एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी योगेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र के हाजी गंज में तब हुई जब कर्मचारी लाइब्रेरी में कुछ काम कर रहा था। मृतक थरवई थाना क्षेत्र के इस्माइल गंज का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही कॉलेज गर्मी की छुट्टियों के बाद खुला था। सोरांव थाना क्षेत्र में दो महीने के भीतर हत्या की यह पांचवी वारदात है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# भारतीय रेल ने मनाया ५वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस २०१६



प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेल ने २१ जून, २०१६ रेल भवन, सभी क्षेत्रीय रेलवे मुख्यालयों, मंडल रेलवे कार्यालयों, उत्पादन इकाइयों और रेलवे प्रशिक्षण संस्थानों और केंद्रों तथा अन्य सभी रेलवे प्रतिष्ठानों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया।

केंद्रीय रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय विधि और न्याय, संचार, इलेक्ट्रांनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद के साथ लोधी गार्डन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सत्र में भाग लिया।

इस अवसर पर पीयूष गोयल ने कहा, "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मैं देशवासियों को बधाई देता हूं। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा २१ जून को योग दिवस के रूप में अपनाने की पहल को संयुक्त राष्ट्र का समर्थन प्राप्तं हुआ और २१ जून को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दे दी गई।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे राजीव चौधरी ने इलाहाबाद मण्डल के कंचौसी अलीगढ़ खण्ड का पिछली खिड़की से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशनों की सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं, राइडिंग क्वालिटी, मार्ग के लेवल क्रॉसिंग गेटों की स्थित आदि का अवलोकन किया गया। दिनांकः २६.०६.२०१६ को इटावा में निरीक्षण के दौरान, चौधरी ने इटावा स्टेशन पर एक फूड स्टाल द्वारा मांग पर बिल बुक प्रस्तुत करने में विफल रहने को गंभीरता से लिया और "रेलवे स्टेशन के स्टालों पर काई बिल नहीं तो कोई भुगतान नहीं" की नीति को सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय के साथ अनुराग गुप्ता, एडीआरएम एवं संबंधित खंड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष

24 घण्टे सेवा उपलब्ध


# संरक्षा एवं समयबद्धता को महाप्रबंधक अजय विजय वर्गीय ने ली समीक्षा बैठक



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। सुरक्षित रेल परिचालन एवं यात्री गाड़ियों की समयबद्धता को निरंतर सुनिश्चित करने के लिए महाप्रबंधक के द्वारा समय-समय पर तीनों रेल मडलों के साथ बैठक कर सुरक्षित एवं समयबद्ध रेल परिचालन से संबंधित सभी मुददो का आंकलन किया जाता है ताकि रेल परिचालन सुरक्षित ढंग से लगातार किया जा सके। इसी कड़ी में दिनांक २६ जून, २०१६ को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में अजय विजय वर्गीय, महाप्रबंधक के द्वारा बिलासपुर पहुंचकर एक समीक्षा बैठक ली गई।

इस अवसर पर अनिल कुमार, अपर महाप्रबंधक, पी.के. जेना, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, रवि बाबू, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, एस के गुप्ता, प्रधान मुख्य इंजीनियर, अरुण कुमार जैन, मुख्य संरक्षा अधिकारी, हिमांशु जैन, सचिव, रवीश कुमार सिंह, उपमहाप्रबंधक (सामान्य) एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सहित समस्त विभागाध्यक्ष तथा बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य अधिकारीगण विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुये।

# महाप्रबंधक एल.सी.त्रिवेदी ने लिया सुविधाओं का जायजा



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी दिनांक २०.०६.२०१६ को औचक रूप से हाजीपुर से पटना तक मेमू ट्रेन से यात्रा करते हुए यात्रियों की समस्याओं आदि से अवगत हुए। औचक निरीक्षण उद्देश्य रेलवे द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे यात्री सुविधाओं का जायजा लेना तथा इस संबंध में यात्रियों से फीडबैक लेना था। महाप्रबंधक ने बरौनी से पटना जाने वाली गाड़ी संख्या ६३२८३ मेमू ट्रेन से हाजीपुर से पटना तक की यात्रा की। यात्रा के दौरान महाप्रबंधक सफर कर रहे रेलयात्रियों से बात की तथा रेलवे द्वारा उपलब्ध करायी जा रही यात्री सुविधाओं आदि के संबंध में उनकी प्रतिक्रिया जानी। यात्रियों ने भी अपने-अपने अनुभवों से महाप्रबंधक को अवगत कराया। महाप्रबंधक एल.सी. त्रिवेदी ने यात्रियों से रेलवे के स्वच्छता अभियान में साथ देने का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी यात्रियों की सेवा के लिए हम सदैव तत्पर हैं।


समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा


**पाठक ध्यान दें**

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्ट व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।


सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९९३५२२४८९७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०



संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

*Railway Passengers Safety & Amenities Association*

*Aim of the Society is to serve the Railway Passengers*

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan,
Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran

उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।